# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट
## सोनभद्र – (उ0प्र0)

☎ 05446–252020 PIN Code: 231217 Email: dforkt@yahoo.co.in

पत्रांक– 1971 / रेनुकूट / 15–28 दिनांक,रेनुकूट,दिसम्बर, 09 ,2019

सेवा में,

श्री विवेक कुमार
हेड लीगल
मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0
रेनुकूट–सोनभद्र ।

विषयः जनपद–सोनभद्र में हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (रेणुसागर पावर डिवीजन), रेणुसागर को 132 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन हेतु हस्तांतरित 38.2591 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि को 25 वर्षों (दिनांक–09.02.2016 से 08.02.2041 तक) के लिये नवीनीकरण के संबंध में ।

संदर्भः मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्र संख्या–1136 / 11–सी–एफ0पी0 / यू0पी0 / ट्रान्स / 18048 / 2016 लखनऊ दिनांक– 06.12.2019

महोदय,

विषयक प्रकरण में संदर्भित पत्र जो मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को सम्बोधित है तथा अधोहस्ताक्षरी एवं आपको भी पृष्ठांकित है, का अवलोकन करने का कष्ट करें । प्रश्नगत प्रकरण में मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निम्नलिखित सूचना / अभिलेखो की माँग की गयी है :–

1– भारत सरकार की आपत्ति संख्या–2 के निराकरण के क्रम में प्रस्तावित एवं क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल की 1:50000 माप की रंगीन सत्यापित टोपोशीट संलग्न की गयी है, किन्तु ऑनलाइन पार्ट–1 में प्रस्तावित वन भूमि की फुल रंगीन सत्यापित टोपोशीट तथा ऑनलाइन पार्ट–2 में क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल की फुल रंगीन सत्यापित टोपोशीट अपलोड नही की गयी है ।

2– भारत सरकार की आपत्ति संख्या–5 के निराकरण के क्रम में भारत सरकार की गाइडलाइन दिनांक– 29.01.2018 के अनुसार उल्लंघन के फलस्वरूप प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा जमा करायी जाने वाली दण्डात्मक एन0पी0वी0 की गणना एवं दोषी अधिकारियों / कर्मचारियों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही से संबंधित अभिलेख संलग्न नही किये गये है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त बिन्दु संख्या–1 के अनुपालन में वांछित अभिलेख को ऑनलाईन पार्ट–1 में अपलोड कराते हुए उससे संबंधित सी0डी0 एवं क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल की फुल रंगीन सत्यापित टोपोशीट को पार्ट–2 में अपलोड करने हेतु सी0डी0 इस कार्यालय में उपलब्ध कराते हुए बिन्दु संख्या–2 के अनुपालन में भारत सरकार की गाइडलाइन दिनांक– 29.01.2018 द्वारा निर्धारित धनराशि को जमा किये जाने हेतु वचनबद्धता प्रमाण–पत्र पॉच–पॉच प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट